## संक्षिप्त समाचार

### एक दीप स्वच्छता के नाम कार्यक्रम का आयोजन :किशनगंज में दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत

**किशनगंज।** किशनगंज के टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हाटगांव पंचायत में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान कचरा अपशिष्ट प्रबंधन भवन के प्लेटफार्म मे पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार, अंचल अधिकारी शशि कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी स्वच्छता सवन्यक दीपक कुमार और स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे। इन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार ने आगे बताया कि स्वच्छता मिशन को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार और रैली निकाली जा रही है। विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटकों से सभी गांव में लोगों को जागरूक किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग पंचायत में स्वच्छता कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक स्थान में झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### पटना में सड़क हादसे में बच्चे की मौत :तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने कुचला, मौके पर ही मौत

**पटना।** पटना में सड़क हादसे में तीन साल के बच्चे मो.इबरान की मौत हो गई। घटना पटना के बाढ़ थाना के समीप मसूदबीघा मोहल्ले की है। बताया जा रहा है कि इबरान अपने ननिहाल आया हुआ था। वह सड़क किनारे खेल रहा था तभी अनियंत्रित ई-रिक्शा ने बच्चे को कुचल दिया, घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा को क्षतिग्रस्त कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने सड़क को घंटों जाम कर मसूदबीघा मोहल्ले में सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बूझाकर जाम को हटाया। वहीं चालक को हिरासत में लेकर ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आक्रोशित परिजनों ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे भी हवा हवाई चलाते हैं और पुलिस मुकदर्शक बनी है। बच्चा सड़क किनारे खेल रहा था और अनियंत्रित हवा हवाई ने बच्चें को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मसूदबीघा में सड़क पर ब्रेकर दिया जाए, जिससे तेज गति से गाड़ी न गुजरे, यह घनी आबादी क्षेत्र है। इससे पहले भी ब्रेकर देने की मांग की गई थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित भीड़ से चालक को बचाकर थाना ले जाया गया।

### पंडित दीनदयाल के संकल्प और सपने को भाजपा पूरा कर रही : डॉ. दिलीप जायसवाल

**पटना।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और समृद्धि पहुंचाने का संकल्प लिया था। उनके संकल्प को भाजपा नेतृत्व लगातार पूरा कर रह रही है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने लिए रोटी की व्यवस्था कर राजनीति कर रहा है। वह समाज की सेवा में लगा हुआ है। पंडित दीन दयाल से प्रेरणा लेकर हमें समाज के हर कमजोर वर्ग के लिए काम करना चाहिए। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। इस मौके पर दानिश इकबाल, अमित प्रकाश बबलू, अरविंद शर्मा, प्रवीण पटेल, आशुतोष शंकर सहित अन्य रहे।

### पटना में बना बिहार का पहला स्पोर्ट क्लाइंबिंग वॉल

**पटना।** पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पोर्ट क्लाइंबिंग वॉल सह प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्था हो गई है। इसकी ऊंचाई 30 फीट है। पहले दिन ही 53 युवाओं ने प्रशिक्षण लेने के लिए पंजीकरण कराया। स्पोर्ट क्लाइंबिंग ओलिंपिक का एक मान्य खेल है। सरकार बहुत जल्द राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की क्लाइंबिंग वॉल बनाने जा रही है, जहां खिलाड़ी ओलिंपिक स्तर का प्रशिक्षण ले सकेंगे। वहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने बुधवार को क्लाइंबिंग वॉल सह प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बिहार के पहले स्पोर्ट क्लाइंबिंग वॉल का शुभारंभ कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। बिहार खेल की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए-नए खेल की व्यवस्था यहां की जा रही है, ताकि बिहार के बच्चे किसी भी खेल में किसी से कम न रहें। सरकार गांव-गांव तक इसकी व्यवस्था का हरसंभव प्रयास कर रही है। स्पोर्ट क्लाइंबिंग खेल के साथ ही सेना और पुलिस के लिए भी बहुत जरूरी है।

# भागलपुर में एक और बड़ा पुल ध्वस्त, पीरपैंती से झारखंड तक टूटा संपर्क



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले में पीरपैंती से बाखरपुर होते हुए बाबूपुर तक जाने वाली सड़क पर बड़ा हादसा हुआ है। बाखरपुर से बाबूपुर के बीच बना पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है, जिससे दियारा से बाबूपुर-बाखरपुर का सड़क संपर्क पूरी तरह से भंग हो गया है।

यह सड़क पीरपैंती बाजार से बाखरपुर, बाबूपुर होते हुए झारखंड को जोड़ती है, जो कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। इससे पहले भी चौखंडी के समीप पुल के जर्जर होने के कारण आवागमन पर रोक लगाई गई थी, जिससे लोगों को पहले से ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

अब लोगों को झारखंड के मिर्जाचौकी होते हुए 15-20 किलोमीटर अधिक घूम कर प्रखंड मुख्यालय आना पड़ रहा है, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। इससे पहले परसुरामपुर, गोविंदपुर, तिलकधारी टोला होते हुए जाने वाले मार्ग पर भी पुलिया टूट गई थी, जिससे बाखरपुर, दियारा और आसपास के इलाकों के लोगों को परेशानी बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पुल की तत्काल मरम्मत और सड़क संपर्क बहाल करने की मांग की है, ताकि उनकी दैनिक गतिविधियों में आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही पुल की मरम्मत नहीं की गई तो इससे और भी बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

## सरकारी विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों के वेतन भुगतान पर लगेगी रोक

**पटना, एजेंसी।** एक अक्टूबर से राज्य के सरकारी विद्यालयों में आनलाइन उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक लगेगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से सभी जिलों को दिशा-निर्देश दिया गया है। विभाग के अनुसार, आनलाइन उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों की संख्या लगभग 74,750 है। ऐसे शिक्षकों को शिक्षा विभाग ने आगाह करते हुए कहा है कि सभी शिक्षकों के लिए आनलाइन उपस्थिति बनाना अनिवार्य है। जो ऐसा नहीं करेंगे, उनके वेतन भुगतान पर रोक के साथ-साथ अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी शिक्षा विभाग के मुताबिक राज्य के सभी 81,223 प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में वर्तमान में पांच लाख 52 हजार 570 शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें चार लाख 78 हजार शिक्षक प्रतिदिन आनलाइन उपस्थिति बना रहे हैं। जो शिक्षक आनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कर रहे हैं उनकी मानीटरिंग शिक्षा विभाग में स्थापित कंमाड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से की जा रही है। सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए आनलाइन उपस्थिति बनाना अनिवार्य कर दिया है। एक अक्टूबर से शिक्षकों को वेतन आनलाइन उपस्थिति के आधार पर भुगतान होगा। वहीं दिसंबर से छात्र-छात्राओं की आनलाइन उपस्थिति ली जाएगी। बता दें कि 25 जून से ही सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों के लिए आनलाइन उपस्थिति लागू है। विभागीय अधिकारी ने बताया कि अच्छी बात यह है कि सरकारी विद्यालयों में आनलाइन उपस्थिति बनाने वाले शिक्षकों का प्रतिशत निरंतर बढ़ रहा है। लेकिन, अब भी छह-सात प्रतिशत शिक्षक मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति नहीं बना रहे हैं। इसके बारे में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दियाा-निर्देश जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि शत-प्रतिशत शिक्षकों द्वारा आनलाइन उपस्थिति बनाना सुनिश्चित कराएं।

## राजगीर-पटना के बीच मेमू स्पेशल अब 31 दिसंबर तक चलेगी



**नालंदा।** राजगीर और पटना के बीच चल रही मेमू स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि को रेलवे प्रशासन ने 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। पहले यह ट्रेन 30 सितंबर तक चलने वाली थी, लेकिन यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए इसकी सेवा को तीन महीने और विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 03201 राजगीर से सुबह 6:30 बजे चलकर पटना 10:00 बजे पहुंचती है, जबकि वापसी में ट्रेन संख्या 03202 पटना से रात 20:55 बजे प्रस्थान करके राजगीर 23:55 बजे पहुंचती है। यह ट्रेन मार्ग में सिलाव, नालंदा, पावापुरी रोड, बिहारशरीफ, चेना, हरनौत, करनौती, बख्तियारपुर, टेका बिगहा, करोटा, खुशरूपुर, हरदास बिगहा, फतुहा, बक्तियारपुर, पटना साहिब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर रुकती है।

श्रमजीवी एक्सप्रेस पर यात्रियों का दबाव कम हुआ

इस ट्रेन के परिचालन से न केवल आम यात्रियों को लाभ मिल रहा है, बल्कि हरनौत रेल कोच कारखाना में काम करने वाले कर्मचारियों को भी सुविधा हुई है। जो लोग बिहारशरीफ और राजगीर में रहकर नौकरी करते हैं, उन्हें आने-जाने का एक सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मिला है।

यह ट्रेन सेवा पटना जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित हो रही है। इससे श्रमजीवी एक्सप्रेस पर यात्रियों का दबाव भी कम हुआ है। पहले पटना से रात्रि में बिहारशरीफ और राजगीर के लिए कोई सीधी ट्रेन सुविधा नहीं थी, जिसका यह एक बेहतर विकल्प बन गया है। स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

## पशु तस्करी का विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

**मोतिहारी/कोटवा।** थाना क्षेत्र के बाजार टोला में पशु तस्करी का विरोध करने पर तस्करों ने एक व्यक्ति को बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। साथ ही नकदी छीन लिया। मामले में थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।पीड़ित कोटवा के सुबास खलीफा ने आरोप लगाया कि मुकेश खलीफा, चुनू खलीफा, राकेश खलीफा, हरी खलीफा पशु तस्करी करता है। वहीं उसका बच्चा यत्र यत्र छोड़ देता है।जिससे वह भूख प्यास से मर जाता है।जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया तो उसके घर पर चढ़कर मारपीट की गई एवं उसके पॉकेट से नकदी भी निकाल ली गई।घटना को लेकर पंचायती भी हुई जिसमे भी मारपीट की गई एवं उसके एवं उसके पुत्र को गोली मार देने की धमकी दी गई।

**दो वारंटी भेजे गए जेल : मुजफ्फरपुर।** नगर थाने की पुलिस ने छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इसमें सरैयागंज पंकज मार्केट इलाके के दिनेश चौधरी व छोटी कल्याणी बीबीजान लेन के शशि कुमार शामिल है। दोनों आरोपितों को उसके घर से पकड़ा गया है। नगर थानेदार शरत कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया।

## यात्रियों का मोबाइल चुराने वाले गिरोह के छह गिरफ्तार

**पटना।** स्टेशन के वेटिंग हॉल से ट्रेनों तक यात्रियों का मोबाइल उड़ाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को रेल पुलिस ने पकड़ा है। इस गिरोह का सरगना अपने लड़कों से मोबाइल चोरी करवाकर बंगाल के मालदा के रास्ते बांग्लादेश भेजता है। राजेंद्रनगर टर्मिनल रेल पुलिस ने एक नाबालिग समेत छह बदमाशों को राजेंद्रनगर टर्मिनल से लेकर पास के होटल और अन्य स्थानों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया। इनके पास से 9 स्मार्ट मोबाइल, 2 की-पैड मोबाइल, 210 रुपए और ब्लेड के टुकड़े बरामद किए हैं। गिरफ्तार होने वालों में खुसरूपुर का शाहनवाज खान, पूर्वी चंपारण का सुल्तान, नालंदा का मौसुम राज, गया का श्रवण कुमार, जमुई का कुंदन कुमार और एक नाबालिग है। इस गिरोह का सरगना रौशन कुमार फरार चल रहा है। वह पटना सिटी के मंसूरगंज का रहने वाला है। रौशन दो-तीन बार जेल जा चुका है।

# भोजपुर में 6 दिन से लापता किसान का शव बरामद, हत्या कर शव को नदी में फेंका

**आरा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शेषा टोला गांव से छह दिनों से लापता एक किसान का शव रूप बांध गांव स्थित छेर नदी के किनारे से बरामद किया गया है। मृतक 55 वर्षीय जगदीश चौधरी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शेषा टोला गांव निवासी स्व. नागेश्वर चौधरी के पुत्र थे।

वे पेशे से किसान थे। शव क्षत-विक्षत हालत में पाया गया है। इधर, स्वजन भूमि विवाद को लेकर पट्टीदार रहे लोगों पर ही गला दबाकर तथा मारपीट कर हत्या करने के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को नदी में फेंकने का आरोप लगा रहे हैं।

मृतक के पुत्र सोहन कुमार ने बताया कि पट्टीदार के ही लोगों से नौ डिसमिल जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि जमीन को बेचने के लिए उक्त





पट्टीदार के लोगों द्वारा अन्य व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपये रकम ली गई है।

इस पर उनके पिता का कहना था कि पट्टीदारों को मुखिया और सरपंच से जमीन से जुड़ी जानकारी चेक करानी चाहिए। लेकिन, वे लोग नहीं माने। 19 सितंबर की शाम जमीन संबंधी विवाद को लेकर उक्त पट्टीदार से झगड़ा भी हुआ था।

आरोप है कि झगड़े के दौरान आरोपियों ने सोहन के पिता और भाई को मारपीट कर जख्मी कर दिया था। पिता को धमकी दी गई थी के दो दिन के अंदर बता देंगे। 20 सितंबर की सुबह जब उसके पिता बौली पर उसी जमीन का कागज लेकर खेसरा और खतियान निकलवाने गए थे।

घर से निकलने के बाद कुछ देर बाद उक्त पट्टीदार भी उनके पीछे निकले थे। पट्टीदार के लोग घर वापस लौट आए, परंतु उसके पिता वापस नहीं लौटे। उन लोगों के द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन, कुछ पता नहीं चल पाया।


मृतक के बेटे सोहन ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा कि इस बीच गुरुवार की देर शाम मेरे पिता का शव रूपबांध गांव के छेर नदी से बरामद हुआ। सूचना पर स्वजन फौरन वहां पहुंचे और शव को देख पहचान की। सोहन ने पट्टीदार बलिराम, रामदास, राम प्रसाद सहित अन्य लोगों को पिता की हत्या के मामले में आरोपी बताया है। मृतक जगदीश अपने एक भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी तेतरी देवी, चार पुत्री इंदू कुमारी, चंदा कुमारी, चंद्रावती कुमारी, रिंकू व तीन पुत्र सोहन कुमार, सोनू कुमार एवं मोनू कुमार हैं। इस घटना के बाद से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कुआं में छापामारी करने गई थी पुलिस, जैसी ही देखा मिले 1490 राउंड जिंदा कारतूस

**आंती (गया), एजेंसी।** गया जिले के आंती थाना क्षेत्र के प्रधाना इसमाइलपुर पथ के मीठापुर गांव के कसियार बधार में स्थित कुआं से एसएलआर का 1490 राउंड जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया। जो पुलिस के बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

सूचना मिली कि एक कुंआ में भारी मात्रा में जिंदा कारतूस फेंका हुआ है। सूचना पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, पीएसआई रौशन कुमार, एएसआई दशरथ सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से मीठापुर गांव के उतर दिशा के कसियार बधार में स्थित ग्राम दुखी बिगहा के 20 फिट के गहरे एक कुएं में से 1490 राउंड जिंदा कारतूस मंगलवार के दोपहर बरामद किया गया है। कुंआ में पानी नहीं रहने के कारण मात्र भीगी हुई मिट्टी के ऊपर कारतूस फेंका हुआ था। बरामद कारतूस एसएलआर की है।

बुधवार की सुबह टिकारी डीएसपी सुशांत कुमार चंचल घटनास्थल पर पहुंचे। जांच पड़ताल की है। इस संबंध में आंती थाना कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बरामद



कारतूस के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की जा रही है।

आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।पुलिस कई एंगल से अनुसंधान में जुटी हुई है। बता दें कि उक्त स्थल पर से बड़ी संख्या में कारतूस बरामद होने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

10 दिन पूर्व कोंच थाने की पुलिस ने ग्राम खैरा से विजय साव के घर से दो देसी रायफल व एक कट्टा के साथ 28 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया था। इस तरह एक ओर जहां पुलिस की सक्रियता से नक्सलियों के हथियार व कारतूस फेंक कर भाग रहे हैं, वहीं, दूसरी कोई बड़ी घटना का अंजाम देने के संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

## बिहार में ऑनलाइन बालू की बिक्री कब से होगी? फाइनल डेट आ गई सामने; तैयारी में जुटा विभाग

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अब ई-कामर्स साइट की तर्ज पर आम नागरिक आन लाइन बालू भी खरीद सकेंगे। खान एवं भू-तत्व विभाग बालू-मित्र पोर्टल के जरिये बालू की आन लाइन बिक्री योजना को अंतिम रूप देने में जुटा है। संभावना है कि 16 अक्टूबर के बाद यह सुविधा शुरू हो जाएगी।



खान एवं भू-तत्व विभाग ने करीब महीने भर पहले ही बालू मित्र पोर्टल के जरिये आन लाइन बालू बिक्री योजना स्वीकृत की थी। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) का सहयोग भी लिया गया है। एनआइसी की बालू मित्र पोर्टल बना रहा है। सूत्रों की माने तो इस पोर्टल पर जिलों में बालू की उपलब्धता के साथ ही उसकी कीमतें भी दर्ज होंगी।

पोर्टल पर गुणवत्ता देखकर खरीद सकेंगे बालू

बालू की ऑनलाइन खरीद का इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस पोर्टल पर जाकर बालू की गुणवत्ता देखकर उसकी आनलाइन बुकिंग कर सकेगा। विभाग ने बालू मित्र पोर्टल के जरिये सफेद और पीली दोनों किस्म की बालू की बिक्री का निर्णय किया है। बालू की आन लाइन बिक्री के बाद इसे डिलीवरी कराने की जिम्मेदारी भी विभाग की होगी। लेकिन, इसके लिए खरीदार को परिवहन कीमत चुकानी होगी।

250 बालू घाटों से खनन की हो रही तैयारी

दूसरी ओर खान एवं भू-तत्व विभाग 16 अक्टूबर से एक साथ करीब 250 बालू घाटों से खनन की तैयारी में है। इन बालू घाटों को पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। 15 जून तक प्रदेश के करीब 155 बालू घाटों से खनन हो रहा था। लेकिन निर्धारित नियमों के तहत 15 जून से मानसून की अवधि में बालू खनन पर रोक लगा दी गई थी। अब वापस नदियों से 16 अक्टूबर से खनन होना है। बालू का नदियों से खनन प्रारंभ होने पर आन लाइन बिक्री के लिए पर्याप्त मात्रा में बालू उपलब्ध हो जाएगा। इसके लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है।

# दरभंगा में चिता भूमि पर बना श्यामा माई मंदिर, दूर-दूर से दर्शन को आते भक्त

**दरभंगा, एजेंसी।** नवरात्र या अन्य दिनों में बहुत से मंदिरों और शक्तिपीठों के दर्शन किए होंगे, लेकिन श्मशान में चिता भूमि पर बने मंदिर एवं उसमें विराजमान मां काली के अद्भुत स्वरूप का दर्शन करना चाहते हैं तो दरभंगा के माधेश्वर मंदिर परिसर स्थित मां श्यामा मंदिर जरूर आएं।

हरे-भरे पेड़ों के बीच तालाब में नौकायन का आनंद लेने के साथ यहां माता के दिव्य और अलौकिक स्वरूप के दर्शन होंगे। श्यामा माई का मंदिर श्मशान घाट में महाराजा रामेश्वर सिंह की चिता भूमि पर बनाया गया है। मंदिर के गर्भगृह में मां काली की भव्य प्रतिमा स्थापित है। यह प्रतिमा एक ही पत्थर को तराश कर बनाई गई है।

इस मंदिर में वैदिक और तांत्रिक दोनों विधि से मां काली की पूजा की जाती है। भक्त यहां आकर सच्चे मन से जो भी मांगते हैं मां उनकी कामना पूरी करती हैं। मनोकामना पूर्ति के अलावा श्रद्धालु यहां शुभ कार्य जैसे मुंडन, उपनयन एवं मांगलिक कार्य भी करने आते हैं। वर्ष 1933 में महाराजा कामेश्वर सिंह ने श्यामा माई मंदिर की स्थापना की थी।

यहां की आरती में शामिल होने के लिए भक्त घंटों इंतजार करते हैं। ऐसा माना जाता है कि मां की आरती में जो साक्षी बनते हैं, उनकी मनोकामना पूरी होती है। शारदीय नवरात्र हो या काली



पूजा अथवा नवाह यज्ञ, यहां रोजाना आठ से दस हजार की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

शादी के अलावा यहां हर तरह का शुभ कार्य करने के लिए दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सहरसा, मुजफ्फरपुर के अलावा उत्तर बिहार के अन्य जिलों व नेपाल से भक्त आते हैं। वास्तुकला की दृष्टि से भी मंदिर का भवन अनुपम है। यहां स्थापित देवी के विविध रूपों की प्रतिमा व निर्मित मंदिरों का ऐतिहासिक महत्व है।

पूरे परिसर में राज परिवार के दो दर्जन लोगों की चिता भूमि है। उनमें से दो पर महादेव और चार पर देवी के मंदिर बने हैं। एक चिता पर अर्द्धनिर्मित मंदिर है। महाराजा कामेश्वर सिंह की दूसरी पत्नी महारानी प्रिया के चिता स्थल पर एक कमरे का निर्माण कराया गया है जो आज भी बंद है।

कहा जाता है कि चिता स्थल को देख महाराजा भावुक हो जाते थे, इसलिए वहां एक कमरे का निर्माण करा उसे बंद कर दिया गया। शेष चिता भूमि पर पेड़ लगे हैं। दरभंगा आने वाले पर्यटकों की यात्रा इस मंदिर के दर्शन के बगैर अधूरी मानी जाती है।

इस परिसर में पहली चिता भूमि महाराजा माधव सिंह के पोते रुद्र सिंह की है, जो दक्षिण दिशा में है। उनके चिता स्थल पर रुद्रेश्वरीकाली मंदिर है। पूरब दिशा में महाराजा लक्ष्मीश्वर सिंह के चिता स्थल पर लक्ष्मीश्वरी तारा मंदिर है।

उत्तर दिशा में राज माता रामेश्वरी लता की चिता भूमि पर अन्नपूर्णा मंदिर है। यहां अन्नपूर्णा के साथ ही पृथ्वी व माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित हैं।

महाराजा लक्ष्मेश्वर सिंह की पहली पत्नी लक्ष्मेश्वरी की चिता भूमि पर महादेव मंदिर का निर्माण कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में स्नैचरों ने मंत्री के कर्मी का फोन छीना

**पटना।** पटना में मंत्री नीरज कुमार बबलू के कर्मी कुणाल कुमार का मोबाइल, बाइक सवार स्नैचरों ने पैकेट से झपट लिया। घटना बेली रोड इलाके के पास विकास भवन के पास की है। मामला, सचिवालय थाने में दर्ज कराया गया है। कुणाल दानापुर के रहने वाले हैं। गुरुवार रात साढे दस बजे वह अपना काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। बेली रोड में विकास भवन के पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश आए। साथ चलने लगे। कुणाल ने बताया कि मैंने सोचा कोई जान पहचान का होगा। देखा तो कोई और था। मैं कुछ समझ पाता इससे पहले उनलोगों ने मेरे शर्ट की पैकेट से मोबाइल झपटते हुए फरार हो गए। वहीं, दूसरी तरफ पटना के सचिवालय थाना क्षेत्र में निर्वाचन विभाग के अधिकारी राजीव कुमार के साथ मारपीट हुई है। अधिकारी ऑफिस से अपने घर जा रहे थे। उनके साथ उनकी गाड़ी में उनका भाई भी था। अधिकारी की कार दूसरे कार में सट गई। इसके बाद दूसरे कार सवार बदमाश ने अधिकारी और उनके भाई के साथ गाली-गलौज के साथ मारपीट भी की। मामला, सचिवालय थाना में दर्ज कराया गया है। निर्वाचन विभाग के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी राजीव कुमार ने अपने आवेदन में बताया है कि वो ऑफिस से अपने घर जा रहे थे। उनके साथ उनका भाई भी था। सत्पमूर्ती के पास उनकी कार एक मोड़ने के चक्कर में दूसरी कार से सट गई। इतने में दूसरी कार पर सवार एक व्यक्ति उतरा और उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। राजीव के साथ कार में बैठे उनके एक भाई ने जब इसका वीडियो बनाना चाहा, तब उस युवक ने मेरे भाई के साथ भी मारपीट की। थाने में मामला दर्ज करा दिया गया है। दोनों ही घटना सचिवालय थाना क्षेत्र की है। दोनों मामलों में FIR दर्ज करा दिया गया है। सचिवालय थाना के दारोगा संतोष सिंह ने बताया कि पीड़ितों के बताए लोकेशन के आसपास लगे कैमरे का फुटेज खंगाला जा रहा है। ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। साथ ही साथ पुलिस उनके गाड़ियों का पता भी लगाने की कोशिश कर रही है।



### पटना में चोरी की मोबाइल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**पटना।** पटना सिटी के मालसलामी थाने की पुलिस ने महिला से मोबाइल छीनकर भाग रहे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से छीनी गई मोबाइल को भी जब्त कर लिया है।घटना की जानकारी देते हुए मालसलामी थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि 30 अगस्त को गुरु का बाग सड़क से अपराधियों ने दो महिलाओं से दो मोबाइल छीना था। घटना के बाद पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। कई लोगों से भी पूछताछ की गई। इसी क्रम में पुलिस को अपराधियों के सुराग की जानकारी मिली।। पुलिस ने इस मामले में एक अपराधी आशीष प्रियदर्शी (23 )को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस एक अपराधी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी के पास से छीने गए दोनों मोबाइल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के आपराधिक रिकार्ड को खंगालने के बाद बताया कि दोनों अपराधियों द्वारा पूर्व में भी कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है, जिनका आपराधिक इतिहास भी निकाला जा रहा है। पुलिस का मानना है कि दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद इलाके में हो रही मोबाइल लूट की घटना में कमी आ सकती है। पुलिस अब गिरफ्तार अपराधियों से यह पता लगाने में जुटी है कि अब तक उनके द्वारा और कितनी घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इसे लेकर पुलिस दोनों अपराधियों से पूछताछ कर रही है।



### बंगाल में बिहार के युवकों को पीटने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** बंगाल में बिहार के युवकों के साथ मारपीट के मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक्स पर जानकारी दी, 'सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें खुद को IB अधिकारी बता रहे दो लोग सिलीगुड़ी में युवकों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते नजर आ रहे थे। उन दो लोगों की पहचान कर ली गई है। वे IB अधिकारी नहीं हैं।' इधर, बंगाल में स्टाफ सिलेक्शन कमिशन जनरल ड्यूटी (SSC GD) का फिजिकल टेस्ट देने गए बिहार के 2 युवकों के साथ मारपीट के वायरल वीडियो पर विवाद बढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री और जेडीयू नेता ललन सिंह ने ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल में कोई कानून नहीं है और ना ही कोई सरकार है। वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बंगाल सरकार से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर बंगाल में दो बिहारी छात्रों के साथ मारपीट और बदसलूकी का वीडियो शेयर कर ममता सरकार पर सवाल उठाए थे। वीडियो में दो लोग युवकों के साथ बदसलूकी करते नजर आ रहा है। वह कह रहा, 'बिहार के हो तो बंगाल में परीक्षा देने क्यों आए हो। उठक-बैठक लगवाकर कहा, 'बंगाल से चले जाओ।' 'घटना पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की है। कब हुई, इसके बारे में जानकारी नहीं है। वीडियो गुरुवार को सामने आया। इधर, वीडियो सामने आने के बाद बिहार पुलिस ने बंगाल पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की, जिसके बाद सिलीगुड़ी पुलिस ने दोनों को पकड़ा। बिहार पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी का नाम रजत भट्टाचार्य है, दूसरा गिरधारी रॉय है।



# विपक्षी पार्टियां स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ

◆ आंदोलन की तैयारी में, लेकिन राह अलग-अलग, एक्सपर्ट बोले- चुनाव से पहले जनता के आक्रोश को भुनाने की कोशिश

एजेंसी, पटना।

बिहार में स्मार्ट मीटर पर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस, आरजेडी, सीपीआई और माले जैसी विपक्षी पार्टियों बड़े आंदोलन की तैयारी में है। कार्यकर्ता संवाद यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं। विपक्षी दलों को लग रहा है कि आम जनता इससे परेशान है। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टियों को ये बड़ा हथियार मिल गया है, लेकिन महागठबंधन में शामिल दल इस पर अलग-अलग आंदोलन कर रही हैं। कांग्रेस और माले ने विपक्षी दलों को एकजुट होने का आह्वान किया है। विपक्षी दलों का मानना है कि अगर एक साथ मिलकर आंदोलन करेंगे तो सरकार बैकफुट पर आ सकती है। स्मार्ट मीटर पर मचे घमासान के बीच ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव गुरुवार को सामने आए। प्रेस वार्ता कर उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम आंदोलन करना है। मेरा काम बिजली घर-घर पहुंचाना है। जो लोग काम नहीं करते, वो आलोचना करते हैं। प्रीपेड मीटर राजनीतिक मुद्दा नहीं है। किसी का बिल ज्यादा नहीं आ रहा है। इसके बाद भी विपक्षी दल मानने को तैयार नहीं है।

**जागरूकता आंदोलन की शुरुआत सीएम के गृह जिला नालंदा से:** कांग्रेस सेवा दल इस मुद्दे पर पटना से बोधगया तक न्याय यात्रा निकाल चुकी है। अब 30 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगी। इसके बाद 2 से 7 अक्टूबर तक प्रदेश के 13 जिलों में बिजली स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ जागरूकता आंदोलन चलाएगी। जिसकी शुरुआत सीएम के गृह जिला नालंदा से होगी। 16 अक्टूबर को राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन करेगी। सेवा दल के संजय यादव ने कहा कि पूरे बिहार में लोगों को जागरुक करेंगे। पटना से गया तक न्याय यात्रा के दौरान हर जगह लोगों ने इसे गलत बताया है। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश ने इसे संयुक्त महालूट योजना बताया है। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे गरीब और पिछड़े राज्य में प्रीपेड मीटर लगाना, जनता पर बहुत बड़ा अत्याचार है। इसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे जनता की जेब कट रही है।



**आरजेडी एक अक्टूबर से आंदोलन शुरू करेगी:** बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी आरजेडी स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ 1 अक्टूबर से आंदोलन करेगी। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह का कहना है कि हम सरकार को डेढ़ महीने का अल्टीमेटम देते हैं। इसके बाद स्मार्ट बिजली मीटर लगाने वाले कर्मचारी, पदाधिकारी को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा और स्मार्ट बिजली मीटर को राजद उखाड़ फेंकेगी।

**सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे- शक्ति सिंह यादव:** आरजेडी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव का कहना है कि स्मार्ट मीटर संस्थागत स्मार्ट लूट का अड्डा बन गया है। लूट के पैसे का बंदरबांट हो रहा है। मंत्री बिजेन्द्र यादव ने कार्रवाई की धमकी दी है। हम अदब के साथ उनसे पूछना चाहते हैं बिहार सरकार कितना मेगावाट बिजली उत्पादन करती है? सब तो दे दिया केंद्र सरकार को। कार्रवाई की बात वे कर रहे हैं, उन पर जनता कार्रवाई कर देगी। सत्ता से बेदखल कर देगी। आरजेडी की सरकार आएगी तो 200 यूनिट बिजली फ्री देंगे।

**माले कई जिलो में आंदोलन कर रही, सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट होने की अपील:** माले पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेन्द्र झा कहते हैं कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर बिहारियों को ठगने का बड़ा जरिया है। इसको लेकर पूरे बिहार में आंदोलन हो रहा है। भाकपा माले भी प्रदर्शन कर रही है। खेत और मजदूर सभा की ओर से आंदोलन चल रहा है। अब तो जनता सड़कों पर उतरने लगी है। आरजेडी ने घोषणा कि है उसका स्वागत है। इस मुद्दे पर एक बड़े आंदोलन की जरूरत है। इसके लिए तमाम पार्टियों और संगठनों को मिलकर एक बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ना चाहिए। मंत्री बिजेन्द्र यादव बीजेपी की भाषा बोल रहे हैं। बीजेपी के साथ रहकर वे सठिया गए हैं। उपभोक्ताओं को अधिकार है कि वे इलेक्ट्रॉनिक मीटर रखना चाहते हैं या स्मार्ट मीटर। इलेक्ट्रॉनिक मीटर में जहां 100 यूनिट बिल आता था, अब 150 आ रहा है। इतना ही अच्छा है तो मंत्रियों और विधायकों के घर में क्यों नहीं लग रहा है। संजीब हंस को इतने समय तक बिजली विभाग में क्यों रखा गया। इसका जवाब नीतीश कुमार और मंत्री बिजेन्द्र यादव को देना चाहिए। सरकार धमकी दे रही है, लेकिन उनको जान लेना चाहिए कि जनता जब ठान लेती है तो बिजली मीटर क्या सरकार को ही उखाड़कर फेंक सकती है।

सीपीआई नेता विश्वजीत का कहना है कि प्रीपेड मीटर के खिलाफ हमलोग 70 से अधिक नुक्कड़ सभाएं कर चुके हैं। अब व्यापक जन आंदोलन की जरूरत है। जिस बिहार में नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 51.91 फीसदी जनता गरीबी रेखा के नीचे है। वहां प्रीपेड मीटर के नाम पर महंगी दर पर मनमाने बिल की मार मारना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। हमारी आंदोलन जारी रहेगी।

## पटना में 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।

फुलवारी शरीफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 25000 के इनामी कुख्यात अपराधी जैद अनवर को ईसापुर से गिरफ्तार किया है। पटना के अलग-अलग थानों में लूट, हत्या, डकैती, आर्म्स एक्ट, दंगा के 19 और आरा के उदवंत नगर में 1 केस दर्ज है। काफी साल से फरार चल रहा था।

**गुप्त सूचना के आधार पर टीम का किया गठन:** सिटी एसपी पश्चिम सरथ आर एस ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि जैद अनवर ईसापुर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा है। जानकारी मिलते ही एक टीम का गठन कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बौली मोहल्ला निवासी जैद अनवर 2013 में अपराध की



जैद अनवर पर हत्या, लूट, दंगा के 20 केस दर्ज, बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था

दुनिया में कदम रखा था। तब से लगातार आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहा था। कई बार गिरफ्तारी भी हुई है। जेल से छूटने के बाद फिर से अपराध की दुनिया में शामिल हो जाता था। कई साल से पुलिस उसे तलाश कर रही थी।

## 5 से 16 अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टी कैंसिल, दुर्गा पूजा को लेकर ADG लॉ एंड आर्डर ने जारी किया आदेश

विशेष परिस्थिति में ही मिलेगी छुट्टी

एजेंसी, पटना।

बिहार में दुर्गा पूजा को लेकर 5 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टी कैंसिल कर दी गई है। इस बीच छुट्टी को लेकर आए पुलिसकर्मियों के सभी आवेदन वापस कर दिए गए हैं। फेस्टिवल के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए ADG लॉ एंड आर्डर संजय सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ IG और DIG को भेजा गया है। इसका सख्ती से अनुपालन कराने का भी निर्देश दिया गया है। दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अवकाश पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि सिर्फ विशेष परिस्थिति में किसी को छुट्टी दी जाएगी।

**दुर्गा पूजा को भव्य बनाने के लिए जगह-जगह तैयारी:** बिहार में दुर्गा पूजा को भव्य बनाने के लिए जगह-जगह तैयारी की जा रही हैं। इस बार दुर्गा पूजा 3 अक्टूबर से शुरू है। सप्तमी 10, महाअष्टमी एवं महानवमी 11 और दशहरा 12 अक्टूबर को है।



**सोमवार को की गई थी बैठक:** प्रमंडलीय आयुक्त ने बीते सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया था। इसमें अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने निर्देश दिया था कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रावण वध, जुलूस, विसर्जन आदि के आयोजन के लिए जिला प्रशासन की अनुमति ली जाएगी। आयुक्त और IG ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को तैनात रखें। DM-SP क्षेत्र का जायजा लेते रहे। अफवाहों का त्वरित एक्शन लें। उन्होंने यह भी आदेश दिया है कि अग्निशमन की ठोस व्यवस्था आयोजकों को करनी होगी। आपत्तिजनक स्लोगन, कार्टून आदि पर रोक है। प्रतिमा का विसर्जन अस्थायी तालाब में ही किया जाएगा। आतिशबाजी और डीजे पर पूर्णतः रोक है। पूजा समितियों से 20-20 सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची मोबाइल नंबर के साथ तैयार करें। साफ-सफाई, रोशनी, आपात चिकित्सा व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर भी आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया था।

## पटना में पुराने सरकारी अस्पताल से शव बरामद, नशे के ओवरडोज से मौत की आशंका

एजेंसी, पटना।

पटना के बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर में अज्ञात शव बरामद हुआ है। वार्ड नंबर 21 रेलवे कॉलोनी में स्थित पुराने सरकारी अस्पताल में शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है, रेलवे कॉलोनी में स्थित पुरानी सरकारी अस्पताल की भवन जर्जर स्थिति में है और यहां अस्पताल नहीं चलाया जाता है। यहां हमेशा नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। शव मिलते ही SDPO-2 अभिषेक सिंह और थानाध्यक्ष देवानंद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव के पास नशे का सामान मिला है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह का होगा खुलासा:** बाढ़ SDPO-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शरीर पर कोई निशान नहीं मिला है। शव के आसपास नशे की सामग्री मिली है, ऐसा प्रतीत होता है कि मृत्यु का कारण नशे का ओवरडोज या अन्य वजह रही होगी। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बख्तियारपुर रेलवे जीआरपी को सूचना दी गई है, जीआरपी के निरीक्षण में मामला आएगा तो ट्रांसफर किया जाएगा। फिलहाल शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा गया है।



◆ अभी तक नहीं हो सकी है पहचान


**जर्जर भवन में नशेड़ियों का जमावड़ा:** स्थानीय लोगों ने बताया कि भवन जर्जर होने के कारण यहां लोग नहीं आते-जाते हैं। पुरानी सरकारी अस्पताल में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। शव को देखने लोग पहुंचे, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

## भोजपुरी एक्टर पवन सिंह के खिलाफ पटना में FIR, महिला यूट्यूबर बोली- 4 लोग आए और धमकाया

पवन भइया गुस्से में हैं, गोली मार देंगे

एजेंसी, पटना।

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में पावर स्टार के नाम से फेमस पवन सिंह एक बार फिर से विवादों में आ गए हैं। पटना के कदमकुआं थाना में पवन सिंह के खिलाफ हत्या की धमकी देने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। महिला यूट्यूबर बबीता मिश्रा ने पवन सिंह पर जान से मारने का धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। थाने को दिए आवेदन में महिला यूट्यूबर बबीता मिश्रा ने बताया है कि 23 सितंबर की रात करीब 9.30 बजे वो बहादुरपुर ओवरब्रिज से अपने न्यूज चैनल की गाड़ी से ड्राइवर उमेश राय के साथ घर लौट रही थीं। इसी दौरान 2 बाइक से चार लोग पहुंचे और उनकी गाड़ी को रोक दिया। बाइक पर सभी बदमाशों ने हेलमेट लगा रखा था। कट्टा दिखाते हुए उन्होंने कहा कि- 'पवन सिंह के बारे में किसी भी न्यूज वाले को इंटरव्यू देना बंद कर दो। यही नहीं पवन भैया के बारे में अपने सोशल अकाउंट से कुछ भी नहीं कहोगी। पवन भइया बहुत गुस्से में हैं।' महिला यूट्यूबर के मुताबिक बदमाशों ने धमकी दी कि पवन भइया के बारे में अपना मुंह बंद रखो नहीं तो तुम्हारे कपार (सिर) में गोली मार देंगे। धमकी देने के बाद चारों बाइक से भाग निकले।



**पवन सिंह के समर्थक ने भी दर्ज कराया केस:** एक और एफआईआर पवन सिंह के समर्थक ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में दर्ज कराई है। पवन सिंह के समर्थक बलवंत सिंह ने एक यूट्यूब चैनेल, उसके एंकर सहित कई लोगों पर पवन सिंह की शादीशुदा जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाया है। बलवंत सिंह ने कहा कि बबिता मिश्रा, एंकर अमित झा ने पवन सिंह के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनकी छवि खराब की जा रही है।

## कुंभ की तरह छठ पूजा दर्शन कराने की तैयारी

एजेंसी, पटना।

काशी के कुंभ, महाराष्ट्र के गणपति उत्सव और पश्चिम बंगाल के दुर्गोत्सव की तरह देश भर के लोग अब बिहार के महापर्व छठ पूजा से रू-ब-रू हो सकेंगे। छठ पूजा के पूरे विधि-विधान में शामिल हो सकेंगे। इसकी तैयारी पर्टयन विभाग की तरफ से कराई जा रही है। इसकी घोषणा टूरिज्म डे पर विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि अन्य पैकेज की तरह अब विभाग की तरफ से छठ पूजा का पैकेज भी तैयार किया जा रहा है। इसमें बाहर के लोग बिहार आकर अनुभव ले सकेंगे। फिलहाल इसकी डिटेलिंग की जा रही है। बहुत जल्द विभाग की तरफ से इसकी घोषणा की जाएगी। मंत्री ने बताया कि बिहार में पर्यटकों की संख्या एक बार फिर से सुधर गई है। अगर केवल 2024 की बात करें तो जुलाई महीने तक 2.67 लाख पर्यटक बिहार के अलग-अलग पर्यटन केंद्रों पर पहुंचे हैं। 2023 में देशी-विदेशी मिलाकर लगभग 5.46 लाख पर्यटक बिहार आए थे। जब तक कोविड के दौरान दो साल तक ये आंकड़ा बेहद नीचे चला गया था। 2021 में जहां मात्र 1046 पर्यटक आए थे तो 2022 में 86829 पर्यटक ही पहुंच सके थे।



**रोहतासगढ़ और महामुंडेश्वरी जल्द शुरू होगा रोपवे:** नीतीश मिश्रा ने इस दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा है कि रोहतासगढ़ किला रोहतास और महामुंडेश्वरी मंदिर में रोपवे की सुविधा जल्द पर्यटकों को मिलेगी। दोनों जगहों के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस मिल चुका है। अब बहुत जल्द इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके अलावा पुरौना धाम को विकसित करने के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। साथ ही पटना में तीन बड़े-बड़े होटलों के बनने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जल्द इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे।

**अगले 6 महीने में 17 महोत्सव का आयोजन कराएगा विभाग:** वहीं, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार ने बताया कि अगले 6 महीने में यानि अक्टूबर से लेकर मार्च महीने तक विभाग की तरफ से 17 महोत्सव का आयोजन कराया जाएगा। इसमें राजगीर महोत्सव, मिथिला लोक उत्सव महोत्सव, वाणावर महोत्सव, सूर्य महोत्सव, रोहतास गढ़ किला महोत्सव, कोशी महोत्सव, मेहन्दार महोत्सव जैसे अहम महोत्सव शामिल है।


## मंत्री श्रवण कुमार ने तेजस्वी को बताया बेरोजगार

◆ जीविका दीदियों से बोले- ऐसे लोगों से सावधान रहें, आपकी आमदनी से कुछ खींचना चाहता है

एजेंसी, पटना।

बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को बेरोजगार बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने ऐसे लोग से आमलोगों और खासकर जीविका दीदियों को सावधान रहने की सलाह दी है। पटना के ज्ञान भवन में 10 दिवसीय सरस मेला के समापन समारोह में जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए ये बातें कही। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने बिहार में जीविका दीदी समूह की शुरुआत थी। महिलाओं को घर की दहलीज पार करवाकर आत्मनिर्भर बनाया है। आप लोगों को कुछ भी दिक्कत या परेशानी हो तो हमें बताइए। सीएम से लेकर सरकार के सभी मंत्री और अधिकारी आपके लिए हमेशा मौजूद हैं। ये फालतू का जो आदमी बेरोजगार घूमता रहता है, वह आपकी आमदनी से कुछ खींचना चाहता है। आपको सावधान रहना पड़ेगा। जितना आगे बढ़ाया है, उससे और आगे बढ़ाएंगे। ऐसे लोगों से सचेत रहें।

**16 राज्यों से आए उद्यमी:** दरअसल, पटना में 18 से 27 सितंबर तक बिहार सरस मेला का आयोजन हुआ। प्रथम संस्करण में 16 राज्यों से उद्यमी पटना पहुंचे थे। बिहार समेत झारखंड, ओडिशा, असम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और उत्तराखंड की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला उद्यमियों ने स्टॉल लगाए।





**तीन करोड़ से अधिक की हुई बिक्री:** 10 दिवसीय बिहार मिनी सरस मेला में इस बार 3 लाख 25 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे थे। करीब 3 करोड़ 28 लाख रुपए के उत्पादों और व्यंजनों की खरीदारी हुई है। इसमें जीविका दीदी द्वारा संचालित दीदी की रसोई समेत अन्य स्टॉल से देशी, शुद्ध, स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों के स्वाद का आम जनता ने लुफ्त उठाया। इसमें बिहार से लगभग सभी 38 जिलों से स्वयं सहायता समूह की महिला उद्यमियों ने शिरकत की।

## संक्षिप्त समाचार

# 22 सितंबर से गायब हुए चौकीदार प्रभु राम का शव मंडीहा गांव के समीप गन्ने के खेत से बरामद

**हत्या का मुख्य आरोपी वीरेंद्र उरांव पुलिस हिरासत में**

**चा ० भूमि गौनाहा।** मटियरिया थाना क्षेत्र के चौकीदार प्रभु राम का शव गौनाहा थाना क्षेत्र के मंडिया गांव के समीप गन्ने के खेत से पुलिस ने गुरुवार को सुबह बरामद कर ली है। मृत चौकीदार के शव को गन्ने के खेत के बीचो-बीच गड्ढा खोदकर गाड़ दिया गया था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चौकीदार प्रभु राम रविवार अर्थात 22 सितंबर को दोपहर से गायब थे। इसकी सूचना मृतक के पुत्र मदन राम ने मटियारिया थाना को दे कर सनाहा दर्ज कराई थी। मटियरिया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास ने बताया कि इस घटना को लेकर थाने में सनाहा दर्ज कराई गई है। इस घटना के मुख्य अभियुक्त वीरेंद्र उरांव ने बताया कि 22 सितंबर के रात्रि करीब 12 बजे एक व्यक्ति मेरा दरवाजा खटखटा रहा था। जब मैंने पूछा कि कौन है तो वह कुछ नहीं बोला इसी तरह दो-तीन बार मेरा दरवाजा खटखटाया गया। तब मैं आक्रोशीत हो कर पीछे से आकर उसके सर पर रड से वार किया तो वह गिर पड़ा। जब उसके पास गया तो यह पाया कि वह सिरसिया गांव निवासी मटियारिया थाना का चौकीदार है। उसे ले जाकर बगल के अनिरुद्ध महतो के गन्ने के खेत में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि चौकीदार प्रभु राम वीरेंद्र उरांव के घर बराबर आता जाता रहता था। जिससे आक्रोशित होकर वीरेंद्र उरांव चौकीदार की हत्या कर शव को गड्ढा खोदकर गाड़ दिया था। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि अभियुक्त वीरेंद्र उरांव के निशानदेही पर शव को बरामद किया गया है। मौके पर सीओ विवेक कुमार सिंह, गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रशिक्षु एसई सुदामा कुमार, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, एसआई कुमारी पार्वती, मटियरिया थाना के पीटीसी मनीष कुमार, मांडीहा के वार्ड सदस्य अरुण काजी, व सिरसिया व मंडिया गांव की ग्रामीण जनता की उपस्थिति में शव को गड्ढे से बाहर निकाल कर प्लास्टिक में लपेटकर बाहर निकला गया। शव को पोस्टमार्टम हेतु बेतीया भेजा गया है। मृतक प्रभु राम को एक पुत्र तथा चार पुत्री है। सभी शादीशुदा है मृत चौकीदार की पत्नी गीता देवी की मौत 2020 में ही हो गई थी। वार्ड सदस्य अरुण काजी ने बताया कि अनिरुद्ध महतो का खेत है जिसमें त्रिलोकी महतो गन्ना लगाए हुए हैं। इसी खेत में चौकीदार का शव गाड़ दिया गया था। इस घटना को लेकर चौकीदार के गांव में मातमी सनाता छाया हुआ है। गौनाहा थाना मृत चौकीदार के बाइक व मोबाइल की तलाश में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष का कहना है कि वीरेंद्र उरांव से पूछताछ करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में बेतीया भेज दिया जाएगा।

# गौनाहा रेफरल अस्पताल को बनाया जाएगा बेहतर-सीएस

» डॉ.विजय कुमार ने गौनाहा रेफरल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

» प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिए कई निर्देश



**चा ० भूमि, गौनाहा।** सीएस डॉ.विजय कुमार ने गौनाहा रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण गुरुवार को दोपहर में की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लैब,ओटी, लेबर रूम,टीवी जांच घर, एचआईवी जांच घर,डेंटल ओटीपी,वार्ड एक्सरे आदि का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शशी कुमार व स्वास्थ्य प्रबंधक विपिन बिहारी को दी।डेढ़ घंटे निरीक्षण के उपरांत सीएस ने बताया कि अस्पताल की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है।ताकि मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधा स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा सके।उनका कहना था कि मेरे आने का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में सर्जरीकल व्यवस्था करना है। इसके लिए अस्पताल को बेहतर भवन की आवश्यकता है, सर्जन डॉक्टर, महिला डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी को यहां पद स्थापित करना होगा।उनका कहना था कि 1 अक्टूबर को मैं पुनः गौनाहा अस्पताल पहुंचकर सभी विषयों पर चर्चा करूंगा कि अस्पताल को कैसे बेहतर बनाया जाए ताकि थरुहट के जनता को बेहतर सुविधा मिल सके। मौके पर डीपीएम अमित अंचल, डॉक्टर आर एस मुन्ना, डॉक्टर शशी कुमार, हेल्थ मैनेजर विपिन बिहारी,बैद्यनाथ यादव,विक्रमा चौधरी,जे.पासवान आदि उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन



**चा० भूमि ,मोतिहारी।** पिछले 55 वर्षों से लगातार मानवता की सेवा करती आ रही है रोटरी क्लब मोतिहारी के द्वारा आगामी 29 एवं 30 सितंबर तथा 1 अक्टूबर को तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन स्थानीय नवयुवक पुस्तकालय,मेन रोड में किया जा रहा है। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति,रांची के सहयोग से आयोजित हो रही यह सेवा कार्यक्रम मानवता की सेवा की बड़ी मिसाल साबित होने जा रही है।पिछले एक माह से इस शिविर हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है जो अब लगभग 200 के आंकड़े के करीब पहुंच चुका है। जिसमें अपने जिले पूर्वी चंपारण के अतिरिक्त आसपास के जिले के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों से भी दिव्यांग जनों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस तीन दिवसीय शिविर के दौरान तीनों दिन अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से मुफ्त भोजन सेवा भी जारी रहेगी। पहले दो दिन रजिस्ट्रेशन कराए हुए दिव्यांगजनों की मापी की जाएगी एवं तीसरे दिन 1 अक्टूबर से वितरण प्रारंभ किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है उनके लिए भी स्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था रहेगी। अन्य जिलों से आए हुए व्यक्तियों के लिए आवासन की व्यवस्था क्लब के द्वारा कम दर पर करवाई जाएगी। शुरुआती दो दिनों तक आए हुए सभी व्यक्तियों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का भी आयोजन रोटरी क्लब के द्वारा किया जाएगा। साथ ही 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम हृदय स्वास्थ्य के संदर्भ में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। उक्त जानकारी एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से रोटरी क्लब मोतिहारी के अध्यक्ष डॉ विवेक गौरव के द्वारा दी गई। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्लब के सचिव अरविंद सर्राफ,कार्यक्रम प्रभारी राहुल अग्रवाल ने भी मीडिया को संबोधित करते हुए जानकारियां साझा की। इनके अतिरिक्त पूर्व अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह एवं अभिमन्यु कुमार भी उपस्थित रहें।

# फर्जी पुलिस गिरफ्तार, नकली वर्दी सहित पिस्टल जब्त, एक गिरफ्ता

चा ० भूमि मधुबनी

अनुमंडल मुख्यालय के जयनगर में एनएच 105 रजिस्ट्री कार्यालय के समीप से जयनगर थाना पुलिस के द्वारा एक फर्जी सिपाही को गिरफ्तार किया गया है। इसको लेकर जयनगर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए डीएसपी विप्लव कुमार ने बताया कि जयनगर थानाध्यक्ष अंकुर कुमार को गुप्त सूचना मिली कि फर्जी तरीके से एक सिपाही वर्दी को पहनकर घूम रहा है और लोगों को धमका रहा और परेशान किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व एक पुलिस टीम का गठन किया गया। फिर जयनगर बस्ती के पास रजिस्ट्री ऑफिस के नजदीक फर्जी पुलिस बने सिपाही को पकड़



लिया गया। पकड़े जाने के उपरांत पुलिस के द्वारा पूछताछ के दरम्यान सिपाही सम्बंधित आईडी कार्ड मांगा गया तो उसने कुछ बताने से इनकार कर दिया। फिर आगे पुलिस के द्वारा इस प्रकार से एक फर्जी सिपाही को गिरफ्त में ले लिया गया। बताते चलें कि जयनगर थाने में लाकर पूछताछ करने के बाद फर्जी सिपाही का नाम शिवानंद तिवारी बताया गया, उसके बाद उससे और पूछताछ से पता चला कि उसने दूसरा साथी जिसका नाम सौरभ राय उर्फ सोनल राय जो परसा गांव का निवासी हैं, उसे अपना बॉडी गार्ड बताया। इस मामले को लेकर जयनगर थाना, कांड संख्या 282/24 दिनांक - 26/09/2024 धारा 204/205/318(4)/319(2) के तहत् दर्ज कर उक्त अभियुक्त फर्जी सिपाही शिवानंद तिवारी, पे.- वासुदेव तिवारी, सा.- बभनौली, थाना- नारायणपुर, जिला- भोजपुर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दुसरे जो बताया गया अभियुक्त सौरभ राय उर्फ सोनल राय, पे.- प्रेम कुमार राय सा.- परसा, थाना- जयनगर, जिला- मधुबनी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की कारवाई की जा रही है। आगे बता दे जयनगर थाना दल की कारवाई में शामिल प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष अंकुर कुमार, अपर थाना अध्यक्ष गोपाल कृष्ण, संतोष कुमार, बिनोद कुमार, अमित कुमार सहित रिजर्व गार्ड, महिला/पुरुष शामिल रहे।

# मझौलिया के बखरिया में भूमि विवाद में मारपीट ,चार घायल



चा० भूमि, मझौलिया

**मझौलिया।** बखरिया के वार्ड 12 में भूमि विवाद में मारपीट का एक मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। मारपीट में दोनों गुटों के चार लोग घायल हुए है।जिसमे दो मझौलिया सीएचसी में तथा दो जीएमसीएच में इलाजरत है ।बताया गया है कि मुन्नीलाल पासवान और उनका पुत्र मिलकर मुन्ना पासवान तथा सरोज देवी को डंडे से पिटायी कर दी। मामला जमीनी विवाद में कब्जवारी करने को लेकर है। मारपीट का वीडियो भी वायरल हो गया है।हालांकि चाणकय भूमि इस वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है। थानाअध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।अभी किसी का आवेदन प्राप्त नही हुआ है।

# कमांडेंट स्तरीय समकक्ष समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

चाणकय भूमि मधुबनी

अनुमंडल मुख्यालय जयनगर में सशस्त्र सीमा बल के द्वारा कमांडेंट स्तरीय समकक्ष समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय पक्ष से 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी, उप कमांडेंट संतोष कुमार निमोरियां (प्रचालन) तथा नेपाल पक्ष से (एपीएफ) नेपाली सशस्त्र सीमा बल के बिनोद कुमार केशी तथा 9वीं बटालियन एपीएफ महोत्तरी (नेपाल) तथा 8वीं बटालियन श्रीदर्शन गिरी, धनुषा (नेपाल) दीपक राज भट्ट एपीएफ जठी व अन्य अधीनस्थ अधिकारी उपस्थित थें। बैठक के दौरान भारत/नेपाल सीमा की सुरक्षा और प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच सीमा सुरक्षा और आपसी समन्वय को और सुदृढ़ रखना बताया गया है। बैठक के दौरान निम्नलिखित प्रमुख एजेंडा बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया, जैसे कि




जयनगर में नेपाली रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था, दोनों पक्षों ने जयनगर के नेपाली रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक से चर्चा की गई और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के लिए रणनीति साझा किया गया और सीमा प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा करते हुए, दोनों देशों ने सीमा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने प्रयासों को तेज करने का

**» कई बिंदुओं पर हुई चर्चा**

संकल्प भी लिया। बता दें की आईएनबी (इंटरनेशनल बॉर्डर) पर तीसरे देश के नागरिकों की अनाधिकृत आवाजाही को रोकने के उपायों पर भी विशेष चर्चा हुई और इसके लिए कठोर से कठोर कार्यवाही का निर्णय भी लिया गया है। सीमा पार अपराधों को रोकने के लिए नियमित संयुक्त रूप से गश्त को और मजबूत करने की दिशा में विचार किया गया और इसके लिए आवश्यक संसाधनों और समन्वय के उपायों पर सहमति भी बनी। सुरक्षा एजेंसियों के बीच कार्यवाही योग्य इनपुट्स को त्वरित रूप से साझा करने की दिशा में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई गई। बता दें कि सीमा पर अवैध अतिक्रमण की घटनाओं की नियमित रूप से निगरानी करने और इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने पर विस्तार पूर्वक बल दिया गया है। सीमा क्षेत्र में अनाधिकृत ड्रोन के उपयोग को नियंत्रित करने के दिशा में विशेष चर्चा हुई और ड्रोन की गतिविधियों की सख्त निगरानी का निर्णय भी लिया गया। आगे बताते चलें कि दोनों देशों के बीच सीमा स्तंभों की मामूली मरम्मत के लिए आपसी सहमति भी बनी है। आगामी आनेवाले पर्व दुर्गापूजा और दीवाली और छठ पर्व का त्यौहार को ध्यान में केंदित रखते हुए सीमा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का भी निर्णय लिया गया है। इस बैठक में अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा की गई और दोनों पक्षों ने सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ले जाने की निरंतर आवश्यकता जताई गई है। इस समन्वय बैठक को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के साथ दोनों देशों ने सीमा पर शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया गया है तथा इस बैठक के अंत में कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी के द्वारा नेपाल के अधिकारियों और अधीनस्थ अधिकारियों को भारतीय स्मृति चिन्ह देकर सभी को धन्यवाद ज्ञापन भी दिया गया है।

# मझौलियामें सीपीआई (एम) का सम्मेलन सम्पन्न

चा ० भूमि, मझौलिया

**मझौलिया।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) बेतिया मझौलिया लोकल कमेटी के अन्तर्गत जौकटिया शाखा का सम्मेलन जिला कमेटी सदस्य कामरेड चम्पा देवी के झंडोत्तोलन तथा कामरेड रसीद मियां की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सम्मेलन में सबसे पहले शहीद वेदी पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए पार्टी के महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।




सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए लोकल मंत्री सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि इसी 12 सितंबर को पार्टी के महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी का निधन हो गया। उनके निधन से पार्टी को बहुत ही क्षति हुई है। सीताराम येचुरी पिछले पचास वर्षों से संसद से लेकर सड़क तक एक अविरल योद्धा के रुप में पहचान बनाई थी।यह कमी राजनीति में जरुर अनुभव होगी।

सम्मेलन में सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मेलन एक ऐसी परिस्थिति में हो रहा है जहां केन्द्र की भाजपा सरकार देश को अडानी एवं अंबानी के हाथों बेच रही हैं।यह सरकार घोर सम्प्रदायिक है।यह अपने गुप्त एजेंडा को लगातार बढ़ाकर देश में तनाव एवं नफरत पैदा कर असली मुद्दे से जनता का ध्यान हटा रही है।

जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड शंकर कुमार राव ने कहा कि हमारी पार्टी चाहती है कि मजदूरों को छह सौ प्रतिदिन मजदूरी मिले।5000/-बृद्धा पेन्शन,03 सौ यूनिट मुफ्त बिजली मिले।इन सभी सवालों पर हमारी पार्टी लगातार आन्दोलन कर रही है।

अंत में जौकटिया शाखा का चुनाव हुआ। उतरीं जौकटिया शाखा के सचिव कामरेड मुस्तकीम साईं तथा दक्षिणी जौकटिया के सचिव कामरेड छठू भगत चुने गये।

इस अवसर पर मुस्ताक मियां, चम्पा देवी,फुलमती देवी,बाढ़ राम,दीप लाल, रसीद मियां, बिहारी महतो, कैलाश यादव, महावीर राम, रुक्मिणी देवी,झौरी देवी, आदि उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केंद्र ने अमोलवा अस्पताल मे चलाया स्वच्छता अभियान



चाणक्य भूमि गौनाहा

प्रखंड स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र बेतिया द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वस्थ केंद्र अमोलवा मे सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया। नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व मे पुरे अस्पताल के साफ सफाई की गयी। युवा सत्याग्रह क्लब के अध्यक्ष विनय कुमार द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचने पर बल दिया गया उन्हें अपने सम्बोधन मे कहा कि स्वच्छ समाज से ही स्वच्छ देश का निर्माण होता है। स्वच्छता हमें प्रकृति के निकट आने का एक सुनहरा पल है। उनका कहना है कि स्वच्छ हमारा गांव होगा तो स्वच्छ हमारा जिला और देश होगा। उनका कहना था कि 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान पुरे भारत वर्ष मे 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। यह अभियान पुरे भारत वर्ष को स्वच्छ बनाने का एक पहल है इसमें जन जन कि भागीदारी आवश्यक है मौके पर क्लब के सदस्य दीपक कुमार, दिनेश्वर कुमार, राहुल कुमार, सोनू कुमार, सचिन कुमार, पप्पू कुमार आदि उपस्थित थे।

# नगर निगम को स्वच्छ एवं सुंदर रखने में सभी निभाएं अपनी भूमिका - जिलाधिकारी

चा० भूमि ,मोतिहारी

समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित सभी वार्ड पार्षद, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, बैंक के प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि नगर निगम पूरे जिले की पहचान है, इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा अच्छे कार्य किया जा रहे हैं। वार्ड पार्षदों को अपने वार्ड को सबसे अच्छा बनाने की प्रतियोगिता की भावना के साथ कार्य करनी चाहिए। आप सभी वार्ड पार्षद जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और आपकी बातों को लोग सुनते हैं और उसे फॉलो भी करते हैं। डीएम ने कहा कि शहर की साफ-सफाई एक बड़ी जिम्मेदारी है। नगर क्षेत्र के अंदर सरकारी जमीन चिन्हित किया जा रहा है जिसका स्वच्छता



और सौंदर्यीकरण के लिए बेहतर इस्तेमाल किया जाएगा। मोतीझील के आसपास से अतिक्रमण हटाया जाएगा और वहां नो वेंडिंग जोन चिन्हित किया जाएगा। शहर में ट्रैफिक सुधार पर कार्य चल रहा है, पुलिस प्रशासन से भी बात हुई है। हवाई अड्डा की चहारदीवारी की बात चल रही है। शहर में लाइटिंग की अच्छी व्यवस्था है। कई अन्य स्थानों को चिन्हित कर पोल लगाए गए हैं जहां लाइट लगाई जाएगी। इस अवसर पर महापौर, नगर निगम मोतिहारी ने कहा कि नगर निगम को स्वच्छ रखने के लिए कचरा रखने की जगह को पक्की कारण कराई जा रही है। अभी मानव बल की कुछ कमी है इसके लिए 600 और मानव बल लिया जा रहा है। नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव ने बताया कि सूखा कचरा और गीला कचरा को अलग-अलग रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाई जा रही है ताकि गीले कचरे का बेहतर इस्तेमाल किया जा सके। गीले कचरे का प्रोसेसिंग कर ऑर्गेनिक खाद/कंपोस्ट आदि अन्य उपयोगी वस्तु बनाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि इससे निगम के आय में भी वृद्धि होगी। नगर आयुक्त ने कहा कि एक साथ गीला और सूखा कचरा रख देने पर उसका पृथक्करण बहुत मुश्किल हो जाता है और फिर उसका प्रोसेसिंग नहीं हो पता है। उन्होंने कहा कि ठेला के माध्यम से डोर टू डोर एवं गाड़ी के द्वारा कचरा पॉइंट से अभी कचरा उठाव किया जा रहा है जिसका और विस्तार किया जाएगा। बैठक में उप महापौर लाल बाबू प्रसाद, डॉ आशुतोष शरण, वार्ड पार्षद अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# सामुदायिक शौचालय में लगा है ताला, लोगों को हो रही परेशानी



चा ० भूमि,मैनाटाड़

प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित लाखों रुपये की लागत से बने सामुदायिक शौचालय अनुपयोगी बना हुआ है। अनुपयोगी क्यों ना हो, क्योंकि सामुदायिक शौचालय के सभी छह सीटों के कमरें में ताला जो मार दिया गया है ।जिससे प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों को शौच आदि क्रियाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।खासकर जो महिलायें,किशोर, किशोरियां प्रखंड कार्यालय, पोस्ट ऑफिस या आधार कार्ड बनवाने आ रहे हैं, उन्हें खास मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोगों को खुले में जाना पड़ रहा है ।सवाल उठता है कि आखिर में प्रखंड कार्यालय के परिसर स्थित लाखों लाख की लागत से दो-दो सामुदायिक शौचालय बना है। लेकिन विडंबना यह है कि दोनों सामुदायिक शौचालय में ताले लगे रहते हैं। प्रबुद्ध लोगों को कहना है कि जब उक्त सामुदायिक शौचालय का उपयोग नहीं करना है तो आखिर में सरकारी राशि का दुरुपयोग क्यों किया गया। इस दुरुपयोग ही कहेंगे कि जब लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा है। ऐसी बात नहीं है कि अधिकारियों की नजर ताले लगे सामुदायिक शौचालय पर नहीं जाती है फिर भी अधिकारियों के द्वारा ताला को खुलवाने की जहमत नहीं उठाई जा रही है ।वहीं लोगों ने जिला पदाधिकारी से हस्तक्षेप कर सामुदायिक शौचालय में लगे ताला को खुलवाने की मांग की है ताकि जनहित में लोगों को सहूलियत मिल सके।

# कानपुर टेस्ट पहला दिन : बारिश ने डाली खलल, केवल 35 ओवर का हो सका खेल

एजेंसी, कानपुर




भारत और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश के कारण जल्दी खत्म कर दिया गया। पहले दिन केवल 35 ओवर और 166 मिनट का खेल हो सका। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 107 रन बना लिए हैं। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे हैं।

इससे पहले कल रात भर हुई बारिश के कारण आज सुबह टॉस होने में देरी हुई और मैच लगभग 1 घंटे देर से शुरू हुआ। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बादल छाए रहने के बावजूद बांग्लादेश ने सुबह का सत्र ठीक-ठाक खेला। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (28*) और मोमिनुल हक (17*) ने मुश्किल परिस्थितियों में 45 रनों की अटूट साझेदारी कर बांग्लादेश को थोड़ी राहत दिलाई। हालांकि पिच पर घास थी, लेकिन काली मिट्टी की वजह से उछाल कम था और सतह धीमी थी। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने नई गेंद स्विंग कराया। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम और जाकिर हसन कुछ मौकों पर आउट होने से बचे, लेकिन आकाश दीप के आने तक वे नई गेंद के खिलाफ पूरी तरह से आश्वस्त दिखे। भारत के नए तेज गेंदबाज ने एक बार फिर अपने पहले ओवर में ही कमाल कर दिया, जब उन्होंने जाकिर (00) को गली में यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। इसके तुरंत बाद, तेज गेंदबाज ने शादमान (24) को एलबीडब्लू आउट कर भारत को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद मोमिनुल हक और कप्तान नजमुल हसन शांतों ने पारी को आगे बढ़ाया और तीसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 80 के कुल स्कोर पर अश्विन ने नजमुल को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। नजमुल ने 31 रन बनाए। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर ने बांग्लादेश की पारी को 100 के पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर जोरदार बारिश आ गई,इसके बाद खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया।

# ड्वेन ब्रावो ने सभी तरह के क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी, नई दिल्ली



वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के अंतिम सत्र के बीच में ही सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है।

अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है। ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, "मेरा दिमाग चलते रहना चाहता है, लेकिन मेरा शरीर अब दर्द, टूटन और तनाव को सहन नहीं कर सकता। मैं खुद को ऐसी स्थिति में नहीं रख सकता जहां मैं अपने साथियों, अपने प्रशंसकों या जिन टीमों का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं उन्हें निराश कर सकूं। इसलिए, भारी मन से, मैं आधिकारिक तौर पर खेल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। चैंपियन विदाई ले रहा है।" 18 साल के करियर में, ब्रावो ने टी20 क्रिकेट में काफी कुछ हासिल किया है, उन्होंने आईपीएल, पीएसएल और बिग बैश में खिताब जीते, साथ ही वेस्टइंडीज के साथ दो बार विश्व चैंपियन बने। उन्होंने 582 मैचों में इस प्रारूप में 631 विकेट हासिल किए हैं। ब्रावो ने सीपीएल के मौजूदा संस्करण से पहले घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी संस्करण होगा।

# बाएं हाथ के इंग्लिश तेज गेंदबाज जोश हल पाकिस्तान दौरे से बाहर

एजेंसी, लंदन




बाएं हाथ के इंग्लिश तेज गेंदबाज जोश हल चोट के कारण पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल को किआ ओवल में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में अपने पदार्पण के दौरान यह समस्या हुई। उस समय, ईसीबी को लगा कि उनके ठीक होने का समय है और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। हालाँकि, चोट बरकरार रहने के कारण, गुरुवार को हल को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से बाहर करने का निर्णय लिया गया। इंग्लैंड ने किसी प्रतिस्थापन का फैसला नहीं किया है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच मुल्तान में 7 अक्टूबर से खेला जाएगा। 6 फीट 7 इंच की ऊंचाई वाले हल को श्रीलंका के खिलाफ एक टूर मैच में पांच विकेट लेने के बाद, एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में पहले टेस्ट में मार्क वुड की चोट के बाद टीम में शामिल किया गया था। प्रशिक्षण में बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हल पर मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन का ध्यान गया। जिसके बाद उन्हें द ओवल में इंग्लिश टीम में जगह मिली। द ओवल में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में 53 रन देकर 3 विकेट लिए, लेकिन दूसरी पारी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, क्योंकि श्रीलंका ने 219 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को गर्मियों की एकमात्र टेस्ट शिकस्त दी। यह मैच हल के करियर का 11वां प्रथम श्रेणी मैच था, यह उस सीज़न में था जब वह लीसेस्टरशायर के लिए तीन डिवीजन दो मैचों में 182.50 के भारी औसत से केवल दो विकेट ले सके थे।

## भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच को लेकर दर्शकों में दिखा उत्साह

एजेंसी, कानपुर



भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच को लेकर गजब का उत्साह है। क्रिकेट प्रेमी रात में ही ग्रीन पार्क स्टेडियम पहुंच गए थे। शुक्रवार सुबह स्टेडियम के बाहर दर्शकों की लाइन लगी हुई है। भारतीय टीम ग्रीन पार्क मैदान में पहुंच चुकी है। उत्साह से भरे दर्शकों ने वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल एवं पीएसी तैनात की गई है। मैच का श्रीगणेश होने से पूर्व पूरे मैदान की बम स्क्वायड ने जांच किया। ग्रीन पार्क स्टेडियम के बाहर सुबह से ही क्रिकेट देखने के लिए पहुंचे दर्शक बाहर लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। पार्क में प्रवेश से पूर्व सभी की गहन तलाशी और जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। क्रिकेट प्रेमी कुछ दर्शक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी मैदान में लहाराया रहे हैं।

# कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर नियुक्त हुए ड्वेन ब्रावो

एजेंसी, कोलकाता



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने ड्वेन ब्रावो को मेंटर के रूप में नियुक्त किया है। वे गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जो फ्रैंचाइज़ी से भारतीय टीम में चले गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज इस नियुक्ति से पहले मेन इन येलो के गेंदबाजी कोच थे।

केकेआर का मेंटर नियुक्त किये जाने पर ब्रावो ने कहा, "मैं पिछले 10 वर्षों से सीपीएल में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा रहा हूँ। विभिन्न लीगों में नाइट राइडर्स के लिए और उनके खिलाफ़ खेलने के बाद, मैं उनके संचालन के तरीके का बहुत सम्मान करता हूँ। मालिकों का जुनून, प्रबंधन की व्यावसायिकता और परिवार जैसा माहौल इसे एक खास जगह बनाता है। यह मेरे लिए एकदम सही मंच है क्योंकि मैं खेलने से लेकर अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को सलाह देने और कोचिंग देने तक का सफ़र तय कर रहा हूँ।" अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने 582 टी20 मैच खेले हैं, 631 विकेट लिए हैं और लगभग 7,000 रन बनाए हैं। किसी भी अन्य क्रिकेटर की तुलना में अधिक चैंपियनशिप जीतने के साथ, ब्रावो का अनुभव बेजोड़ है। नाइट राइडर्स ग्रुप के सीईओ वेंकी मैसूर ने नियुक्ति पर कहा, "ब्रावो का हमारे साथ जुड़ना एक रोमांचक घटना है। जीतने के लिए उनका अथक प्रयास, उनके विशाल अनुभव और गहन ज्ञान के साथ, हमारे फ्रैंचाइज़ और खिलाड़ियों को बहुत लाभ पहुंचाएगा। हमें इस बात की भी खुशी है कि ब्रावो सीपीएल,एमएलसी और आईएलटी20 सहित वैश्विक स्तर पर हमारी अन्य फ्रैंचाइज़ के साथ जुड़ेंगे।"

# व्यापार

# शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन रिकॉर्डतोड़ तेजी, नए शिखर पर पहुंचे सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान तेजड़ियों का जोर बना हुआ नजर आ रहा है। आज एक बार फिर कारोबार की शुरुआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहे। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली की कोशिश भी होती रही। इसके बावजूद शेयर बाजार में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, सन फार्मास्युटिकल्स, टाइटन कंपनी, इन्फोसिस और विप्रो के शेयर 2.52 प्रतिशत से लेकर 1.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर लार्सन एंड टूब्रो, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, भारती एयरटेल, ओएनजीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर 1.90 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,340 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,485 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 855 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई के सेंसेक्स ने आज 57.52 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 85,893.84 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद से ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की रफ्तार में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली का झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद खरीदारी का दौर जारी रहा। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में सेंसेक्स अभी तक के सर्वोच्च स्तर 85,966.03 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 104.99 अंक की तेजी के साथ 85,941.11 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई का निफ्टी भी आज 32.20 अंक की मजबूती के साथ ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 26,248.25 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी देर में ही ये सूचकांक ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड लेवल 26,271.85 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 45.45 अंक की मजबूती के साथ 26,261.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 666.25 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ 85,836.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 211.90 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,216.05 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

# घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आई कमजोरी के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,160 रुपये से लेकर 77,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 70,740 रुपये से लेकर 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली कमजोरी आई है। इस कमजोरी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,060 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में जोरदार तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# वैश्विक स्तर पर स्टॉक मार्केट्स में करेक्शन की आशंका, केंद्र सरकार ने किया आगाह

एजेंसी, नई दिल्ली



पिछले कुछ दिनों से दुनिया भर के ज्यादातर स्टॉक मार्केट में तेजी का माहौल बना हुआ है, जिसकी वजह से स्टॉक मार्केट में रिटेल इन्वेस्टर्स बढ़-चढ़कर निवेश कर रहे हैं। हालांकि रिटेल इन्वेस्टर्स द्वारा जोरदार तरीके से किए जा रहे निवेश के ट्रेंड को लेकर भारत सरकार ने चिंता जताई है। केंद्र सरकार ने वैश्विक स्तर पर स्टॉक मार्केट्स में संभावित करेक्शन की आशंका जताई है। ऐसा करेक्शन होने पर विशेष रूप से रिटेल इन्वेस्टर्स पर सबसे अधिक असर पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन जैसी दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश समेत दुनिया के कुछ अन्य देशों में भी हाल के दिनों में ब्याज दरों में कटौती की गई है, जिसकी वजह से स्टॉक मार्केट में भी लिक्विडिटी बढ़ी है और तेजी का रुख बना है। पूरी दुनिया की तरह भारत में भी रिटेल इन्वेस्टर्स अचानक आई इस तेजी से प्रभावित होकर स्टॉक मार्केट में जम कर पैसा लगा रहे हैं। हालांकि अगर मार्केट में करेक्शन की स्थिति बनती है, तो रिटेल इन्वेस्टर्स की बड़ी पूंजी डूब सकती है। फाइनेंस मिनिस्ट्री के अगस्त महीने के मंथली इकोनामिक रिव्यू में कहा गया है कि कुछ देशों में मॉनिटरी पॉलिसी संबंधी की गई घोषणाओं की वजह से अति उत्साह में ग्लोबल लेवल पर स्टॉक मार्केट में तेजी का माहौल बना है। हालांकि अब इसी वजह से दुनिया भर के ज्यादातर स्टॉक मार्केट्स में करेक्शन के आसार भी बढ़ गए हैं। अगर जोखिम बढ़ा, तो इसका अस्तर असर वैश्विक स्तर पर देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि वैश्विक स्तर पर स्टॉक मार्केट में करेक्शन की स्थिति बनने पर घरेलू शेयर बाजार भी प्रभावित होगा, जिसकी वजह से रिटेल इन्वेस्टर्स को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

## स्पाइसजेट ने बकाया जीएसटी और कर्मचारियों की सेलरी का किया भुगतान

एजेंसी, नई दिल्ली



कर्ज में डूबी सस्ती विमानन सर्विस प्रदाता कंपनी स्पाइसजेट ने अपना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का पूरा बकाया चुका दिया है। साथ ही कंपनी ने कर्मचारियों के जुलाई और अगस्त के बकाया वेतन और जून महीने के लंबित वेतन का भुगतान भी कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को जारी जानकारी में बताया है कि उसने अपना जीएसटी का पूरा बकाया चुका दिया है। कंपनी ने कर्मचारियों के 80 करोड़ रुपये का बकाया वेतन भी चुका दिया है। स्पाइजेट के तीन हजार करोड़ रुपये जुटाने से संबंधित प्रारंभिक नियोजन दस्तावेज के मुताबिक कंपनी पर 15 सितंबर तक 145.1 करोड़ रुपये का जीएसटी बकाया था। उल्लेखनीय है कि स्पाइसजेट ने पिछले सप्ताह पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

# जीएसटी परिषद् ने क्षतिपूर्ति उपकर पर जीओएम का किया गठन

एजेंसी, नई दिल्ली




माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय मंत्री समूह (जीओएम) का गठन किया है। चौधरी की अध्यक्षता वाला जीओएम मार्च 2026 में क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर कर के बारे में निर्णय करेगा। जीएसटी परिषद सचिवालय कार्यालय की जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक केंद्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता वाले जीओएम में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सदस्य शामिल हैं। यह जीओएम 31 दिसंबर, 2024 तक जीएसटी परिषद को रिपोर्ट सौंपेगा। जीएसटी व्यवस्था में विलासिता संबंधी वस्तुओं पर 28 फीसदी कर के अलावा क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है। सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान राज्यों के राजस्व नुकसान की भरपाई करने के लिए वित्त वर्ष 2021 और 2022 में 2.69 लाख करोड़ रुपये उधार लिए थे। इसलिए जीएसटी परिषद ने ऋण और ब्याज को चुकाने के लिए क्षतिपूर्ति उपकर को मार्च 2026 तक बढ़ाने का फैसला किया था। जीएसटी परिषद ने 9 सितंबर को अपनी 54वीं बैठक में उपकर के भविष्य की दिशा तय करने के लिए मंत्री समूह गठित करने का निर्णय लिया था। क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने में केवल डेढ़ वर्ष शेष रह गया है। इसके मद्देनजर इस समिति का गठन किया गया है। इस जीओएम के विचारार्थ विषय क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद उसकी जगह पर कराधान का प्रस्ताव करना है।

# मेयर के साथ दुर्व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण-भाकपा

**» ओमप्रकाश क्रांति ने प्रशासन से से न्यायिक जांच की मांग की**

चा ओ भूमि बेतिया/मझौलिया



**बेतिया/मझौलिया।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ओमप्रकाश क्रांति ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बेतिया मेयर के साथ जो घटना घटित हुई है, उसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से एवं प्रकाशित समाचार पत्र के माध्यम से हुई है ।नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकरिया के साथ जो घटना घटित हुई है यह एक बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण घटना है ।जो चिंताजनक विषय है। इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण में इसलिए कहूंगा कि नगर निगम की महापौर का चुनाव आम जनता के द्वारा किया गया है ।इसलिए आम जनता की जो समस्या है एवं शिकायतें हैं उन समस्याओं और शिकायतों को सुनना एवं जानना बतौर एक निगम की मुख्य पदाधिकारी के तौर पर उनकी जिम्मेदारी बनती है ।उनका कर्तव्य एवं दायित्व बनता है कि बेतिया नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जिस प्रकार एवं जो भी समस्या आम नागरिकों द्वारा उन्हें प्राप्त होती है। वहां वह पहुंचकर उसकी जानकारी लें एवं शिकायतों का निवारण करें इस कर्तव्य निवारण पथ के लिए जो कल उन्होंने कदम उठाया था वहां रोड़े बनने का काम नगर के कुछ सम्मानित प्रतिनिधि एवं कुछ नेताओं के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार करने का काम हुआ है। बता दे कि यदि जिस प्रकार उनके साथ घटना कल जो घटित हुई है यदि उस घटना का उनके द्वारा कोई विरोध किया जाता या किसी प्रकार का अलग कदम उठाया जाता तो निश्चित तौर पर उनके साथ कुछ अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। परंतु ऐसा नहीं हुआ यह सौभाग्य की बात है परंतु जिस प्रकार की घटना उनके साथ घटित हुई है वह एक सम्मानित बेतिया की महिला के साथ हुई है, बतौर नगर निगम की महापौर के साथ इस प्रकार की घटना होना इसके लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी घटना की निंदा करती है एवं घटना में संलिप्त सभी व्यक्तियों पर कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग करती है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि पूर्व चुनावी कल में जिस प्रकार उनके बढ़ते कदम को यहां के कुछ नेताओं द्वारा रोका जा रहा था और यहां बेतिया की जनता भली भाती एक महिला को समझा उनकी काबिलियतों को जाना तब बतौर मुख्य नगर की प्रथम महिला के तौर पर चुनाव में बहुमत देते हुए उन्हें महापौर के लिए चुना है मैं कहूंगा कि उनके साथ जो घटना घटित हुई है वह केवल उनका ही नहीं अपमान हुआ है बल्कि पूरे नगर बेतिया की जनता का अपमान हुआ है मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आप सभी एक सम्मानित प्रतिनिधि हैं ।आपके लिए नगर की बोर्ड बनी हुई है। साथ ही कई कमिटी बनी हुई है ।उन कमिटी में अपनी समस्याओं, शिकायतों को रखकर एक साथ बैठक कर उन समस्याओं का निदान एवं निवारण किया जा सकता था। परंतु ऐसा ना कर उनके साथ जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गई है। उसकी मैं निंदा करता हूं मैं यह भी कहूंगा कि एक महिला होकर बेतिया के विकास के लिए उन्होंने जो प्रयास किया है और कर रही है यह सराहनीय है और मैं जिला प्रशासन से यह मांग करूंगा कि जो कल सम्मानित महिला के साथ घटना हुई है ।आगामी समय में इस प्रकार की घटना किसी भी प्रकार के अन्य प्रतिनिधि या आने वाले दौर में कोई भी प्रतिनिधि के साथ ना हो इसका ध्यान रखा जाए और उक्त घटना की निष्पक्ष जांच हो हो तथा प्रशासनिक कार्रवाई की जाये।

# चनपटिया के महनाकुली पंचायत में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया



चनपटिया में पोषण माह मनाते कर्मी

चा ० भूमि, बेतिया

पश्चिम चंपारण जिले में एक सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक पोषण महाअभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।पोषण माह को सफल बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग के निदेशक ने राज्य के सभी डीपीओ आईसीडीएस को आवश्यक निर्देश जारी किया है।इसी को लेकर शुक्रवार को चनपटिया प्रखंड के महनाकूली पंचायत के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह का आयोजन किया गया। सीडीपीओ सावित्री दास ने बताया कि पोषण माह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।सीडीपीओ ने बताया कि पोषण माह में ब्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर ब्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओ, किशोरियों,6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर मे अपेक्षित सुधार लाने,3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक देखभाल एव शिक्षा के प्रति समुदाय को संवेदनशील बनाने के लिए जन भागीदारी संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

# कुदाल से जानलेवा हमले में तीन धराये

चा ० भूमि,मैनाटाड़

इनरवा थाना क्षेत्र के सिंहासनी गांव निवासी मनाई यादव के पुत्र कुंदन कुमार के सिर पर कुदाल से वार कर गंभीर से जखमी कर देने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। दर्ज एफआईआर कै आलोक में पुलिस में गिरफ्तार तीनों नाबालिग युवकों को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि घायल कुंदन कुमार का इलाज अभी पटना में हो रहा है ।मारपीट में प्रत्युत्त कुदाल को भी जप्त कर लिया गया है।वहीं घायल कुंदन कुमार के चाचा धनई यादव की आवेदन पर तीन युवकों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गयी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि गुरुवार की शाम को मैं अपने खेत से खाद छिटकर घर आया तो ग्रामीणों ने बताया कि आपके भतीजा कुंदन कुमार को तीन युवकों के द्वारा जान मारने की नीयत से कुदाल से मार कर गन्ना के खेत में फेंक दिया गया है। घटनास्थल पर जब मैं गया तो देखा का मेरे भतीजे के सिर पर मार कर गंभीर रूप से मारकर घायल कर दिया गया है। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटाड़ लाया । उल्लेखनीय है कि गुरुवार की शाम को सिंहासनी गांव से सटे माई स्थान के पास कुंदन कुमार को तीन युवकों ने कुदाल से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसके बाद इनरवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये घटना में शामिल तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया था।






# आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 289 के रसोई घर को अतिक्रमण से कराया मुक्त

**» एसडीएम ने की कार्रवाई**

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा।** अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा गौरव कुमार द्वारा गुरूवार को 9 बजे पूर्वाह्न से 11 बजे पूर्वाहन तक बाल विकास परियोजना कार्यालय बगहा दो अंतर्गत नगर के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 289 एवम 295 का निरीक्षण किया गया।इस दौरान एसडीएम ने केंद्रों पर स्कूलपूर्व शिक्षा,पूरक पोषाहार,बच्चों,सेविका सहायिका की उपस्थित, ड्रेस कोड,केंद्र का रखरखाव,टेक होम राशन वितरण, गर्भवती महिलाओं व किशोरी बालिकाओ का स्वास्थ्य जांच आदि की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनियमितता मिलने पर एसडीएम ने सेविका,सहायिकाओं को कड़ी फटकार लगाई और आंगनबाड़ी केंद्र संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।एसडीएम ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 289 वार्ड संख्या 1,सामुदायिक भवन मलकौली में चलाया जाता है,जिसके रसोई घर में बगल के लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा किया हुआ था। जिसे त्वरित स्थानीय लोगों के अतिक्रमण से मुक्त कराया गया साथ ही नगर के कैलाशनगर वार्ड संख्या 4 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 295 किराया के मकान में चलाया जाता है। इस आगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की संख्या काफी कम थी। आंगनबाड़ी सेविका को बच्चों की संख्या बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया गया तथा केंद्र को बेहतर ढंग से संचालन करने हेतु दोनों आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका एवं सहायिका को निर्देशित किया गया।

# पीरामल टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल में उपलब्ध सुविधा संसाधन का किया बिंदुवार जांच

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा।** अनुमंडलीय अस्पताल को आधुनिक और अपडेट करने के लिए पटना से पीरामल की टीम ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधा संसाधन की बिंदुवार जांच किया। टीम में शामिल डॉ. एके पालीवाल, डॉ. प्रियंका, राखी, डीवीसी राजेश झा व गोपी फैलो ने अस्पताल में साफ सफाई, प्रसव कक्ष में साफ सफाई, सफाई ऑपरेशन कक्ष में साफ सफाई, उपकरणों के रख रखाव, क्वालिटी कंट्रोल, इन्फेक्शन की जानकारी को देखा। श्री पालीवाल ने डीएस को आपरेशन कक्ष में कार्यरत सफाई कर्मी को पूरी तरह से उसी कक्ष में काम करने, इंफेक्शन से बचाव के साथ निर्देश दिया। ऑपरेशन कक्ष के प्रवेश द्वार को बंद करते हुए इसे प्रसव कक्ष से खोलने और वर्तमान में प्रवेश कक्ष को एक्जिट द्वार बनाने पर जोर दिया। लेबर रूम में साफ सफाई करने वालों की उसी में पूरी सावधानी के साथ काम करने पर बल दिए। एनजीओ के सुपरवाइजर कन्हैया कुमार

को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सुरक्षा कर्मी कब कहां कैसे डयूटी करते हैं। इसकी भी सुपरवाइजर से बिंदुवार जानकारी लेटे हुए चेतावनी दिया कि सुरक्षा में कोई भी गाई लापरवाही करे तो उसे तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पीरामल के स्वास्थ्य पटना के श्री पालीवाल ने बताया कि मिशन कायाकल्प और मिशन लक्ष्य की लेकर अस्पताल में उपलब्ध सुविधा, संसाधन की जानकारी प्राप्त करते हुए इसे और बेहतर ढंग से अपडेट करने की पहल के लिए जांच कर रहे हैं। अस्पताल को आधुनिक सुविधा संसाधन से शीघ्र ही मिशन लक्ष्य के तहत अपडेट किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अशोक कुमार तिवारी, वरीय चिकित्सक डॉ. एसपी अग्रवाल, प्रबंधक अमरेश कुमार, लिपिक शशि कुमार शमा, कन्हैया कुमार आदि सभी शामिल है।






# युवा राजद के जिला सचिव बने हिमांशु




चाणक्य भूमि,मझौलिया

**मझौलिया** ।शिव मंदिर परिसर में युवा राजद कार्यकर्ताओं की एक बैठक युवा राजद के जिला अध्यक्ष संजय यादव के अध्यक्षता में हुई।बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ-साथ संगठन का विस्तार एवं मजबूती प्रत्येक पंचायत में बूथ स्तर पर लोगों को सदस्य बनाने के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा की गई ।कार्यक्रम के दौरान सर्व सहमति से जिला अध्यक्ष द्वारा बेतिया बानु छापर निवासी हिमांशु झा को जिला सचिव के पद पर मनोनीत करते हुए मनो नयन पत्र दिया गया ।अपने मनोनयन पर प्रदेश और जिला नेतृत्व के पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए श्री झा ने पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए कर्तव्य और दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर युवा जिला उपाध्यक्ष रजनीश कुमार यादव, रामबाबू यादव, मंतोष यादव, रामबाबू यादव, खुर्शीद अंसारी, हरेंद्र यादव, उमाकांत प्रसाद ने बधाई दी है।

# कायाकल्प टीम ने सीएचसी मैनाटांड का निरीक्षण

चाणक्य भूमि, मैनाटांड़




कायाकल्प प्रमाणीकरण की जिला टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड का निरीक्षण किया। तीन सदस्यीय टीम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, शशांक शेखर, बीएचएम, चनपटिया एवं सीएचओ अनिल कुमार बकुलहर शामिल थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार और बीएचएम शशांक शेखर ने बताया कि कायाकल्प प्रमाणीकरण के बाद स्वास्थ्य संस्थानों को अवार्ड और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। शुक्रवार को जिलास्तरीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड की साफ-सफाई, ओपीडी, प्रसव-कक्ष और लैब का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। आउटडोर, इंडोर के साथ दवा वितरण की व्यवस्था की भी जांच-परख की।

स्वास्थ्य व्यवस्था मानक अनुरूप होने पर मिलता है पुरस्कार

निरीक्षण के क्रम में टीम के सदस्यों ने कई सुझाव दिए। सदस्यों ने बताया कि कायाकल्प योजना केंद्र सरकार चला रही है। इसके अन्तर्गत मानक के अनुसार व्यवस्थित अस्पताल को इनाम दिया जाता है। पहले चरण में राज्य स्वास्थ समिति को जिलास्तर से रिपोर्ट भेजी जाती है। इसके बाद राज्यस्तरीय टीम व्यवस्था का मूल्यांकन करती है। मानक अनुरूप स्वास्थ्य व्यवस्था पाए जाने पर स्वास्थ्य केंद्र पुरस्कृत किए जाते हैं। कायाकल्प योजना के तहत उच्च स्तर पर रख-रखाव, सफ़ाई के साथ ही बेहतर गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था व व्यवहार अपनाने वाले कर्मियों सहित अस्पताल को प्रमाण पत्र के साथ ही नकद राशि भी देने का प्रावधान है।

अस्पताल परिसर में सफाई का रखें ध्यान

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी अमित कुमार ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत पुरस्कार पाने वाले स्वास्थ्य संस्थानों को अस्पताल परिसर, ओटी, पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, अस्पताल परिसर में बने शौचालयों की सफाई सहित अन्य स्थानों में कहीं भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। अस्पताल में प्रसव के लिए आई सभी महिलाओं की प्रसव से संबंधित खतरों के लक्षणों की जांच, परामर्श व विशेष निगरानी सुनिश्चित होना आवश्यक है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, बीएचएम शशांक शेखर, सीएचओ अनिल कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।












# योगापट्टी में दो दिनों से लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त


**» गन्ना का फसल गिरने से भारी नुकसान**

चाणक्य भूमि ,योगापट्टी



योगापट्टी में दो दिनों से लगातार बारिश होने से जन जीवन में व्यस्त दिखाई दे रही है। आसमान में बादल छाए हुए हैं और पूर्वा हवा बहने के कारण से गन्ना का फसल खेत में गिरकर नुकसान दिखाई दे रहा है। दो दिनों से बारिश होने के कारण घर से कोई नहीं निकल रहा है बारिश से जगह-जगह जल जमाव हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों तक बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। वही तेज हवा के साथ हो रही बारिश ने किसानों की खड़ी फसले चौपट कर दी है। गन्ने से लेकर धानो की खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई है। इसके अलावा सब्जियों में भी भारी नुकसान हुआ। है 2 दिन से लगातार हो रही बारिश में किसानों को राहत के साथ आफत भी है। हवा के साथ बारिश किसानों को फायदा कम नुकसान जादा पहुंच रहे हैं। किसानों की अगेती धान की फसले गिरकर पूरी तरह बर्बाद हो गई। जबकि तेज हवा ने गन्ना किसानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। गन्ने की खड़ी फसले जमीन पर गिर जाने से किसानों को भारी नुकसान है। 2 दिन से हो रही है तेज बारिश से सब्जियों में भी भारी नुकसान है। अगर जल्दी मौसम नहीं खुला तो नुकसान और भी बढ़ने की संभावना है। वहीं किसानों का कहना है कि पिछले साल आई बाढ़ के कारण भी किसानों को भारी नुकसान हुआ था. कई महीनों तक दियारा क्षेत्र पानी में डूबा रहा, जिससे गन्ना की फसल पूरी तरह तबाह हो गई. किसानों का कहना है कि पिछले साल करीब गन्ने की फसल सड़ गई थी. सरकार से मदद नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी भी है.

बीते साल की तरह इस बार भी दियारा क्षेत्र के किसान परेशानी में हैं. उनकी फसल एक बार फिर बर्बाद हो गई है. लगातार दो साल से नुकसान झेल रहे है क्षेत्र के किसान अब मदद के लिए सरकार की तरफ देख रहे हैं. किसानों का कहना है कि दो साल बर्बादी झेलने के बाद अब हमारे पास कुछ बचा ही नहीं है।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714